भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2819
दिनांक 10.07.2019 को उत्तर देने के लिए

जल-संरक्षण पर मुख्यमंत्रियों की बैठक

2819. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में नीति आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में जल संरक्षण एक प्रमुख विषय था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस बैठक में जल-संरक्षण हेतु राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) तथा (ख): नीति आयोग की शासी परिषद की पांचवी बैठक दिनांक 15 जून, 2019 को आयोजित की गई थी, जिसमें कार्यसूची मदों में से एक मद “वर्षा जल संचयन” थी।

(ग) जी, नहीं।

*****